# प्रीलिम्स फैक्ट्स: 29 अक्तूबर, 2019

drishtiias.com/hindi/current-affairs-news-analysis-editorials/prelims-facts/29-10-2019/print

## उलुरु चट्टान

## Uluru Rock

ऑस्ट्रेलिया की विशाल लाल एकाश्मक (Monolith) उलुरु चट्टान को सरकार द्वारा ट्रैकिंग के लिए स्थायी रूप से बंद कर दिया गया है।



## उलुरु चट्टान के बारे में:

- इस चट्टान को आयर्स रॉक (Ayers Rock) के नाम से भी जाना जाता है।
- इस चट्टान का ऑस्ट्रेलिया की स्थानीय जनजाति **अनांगु** (Anangu) समुदाय में  विशेष आध्यात्मिक महत्त्व है।
- यह ऑस्ट्रेलिया के प्रमुख पर्यटक स्थलों में से एक है।
- यह लगभग 0.5 अरब वर्ष पुरानी बलुआ पत्थर से निर्मित चट्टान है।
- इसकी ऊँचाई लगभग 348 मीटर है तथा परिधि 9.4 किमी. है।

**उलुरु की अवस्थिति:**

- यह मध्य ऑस्ट्रेलियाई रेगिस्तान में स्थित एक विशाल लाल एकाश्मिक चट्टान है।

- आयर्स रॉक को वर्ष 1950 में राष्ट्रीय उद्यान घोषित किया गया था।
- वर्ष 1993 में इसका नाम परिवर्तित कर **उलुरु-काटा तजुता राष्ट्रीय उद्यान** (Uluru-Kata Tjuta National Park) कर दिया गया।
- उलुरु-काटा तजुता राष्ट्रीय उद्यान यूनेस्को की विश्व विरासत सूची में सूचीबद्ध प्राकृतिक और सांस्कृतिक स्थल है।

---

## सैन्य अभ्यास शक्ति

# Army Exercise SHAKTI

भारत-फ्राँस संयुक्त सैन्य अभ्यास **शक्ति (SHAKTI)** 31 अक्तूबर, 2019 से 13 नवंबर 2019 तक आयोजित किया जाएगा।




- भारत और फ्राँस के बीच यह सैन्य अभ्यास वर्ष 2011 से किया जा रहा है।
- यह द्विपक्षीय सैन्य अभ्यास, एक द्विवार्षिक अभ्यास है जो क्रमिक रूप से भारत तथा फ्राँस में आयोजित किया जाता है।
- इस वर्ष यह द्विपक्षीय सैन्य अभ्यास महाजन फील्ड फायरिंग रेंज, राजस्थान में आयोजित किया जाएगा।
- इस सैन्य अभ्यास में भारतीय सेना का प्रतिनिधित्व सप्त शक्ति कमान की सिख रेजिमेंट की एक टुकड़ी करेगी।

## उद्देश्य

- सैन्य अभ्यास का उद्देश्य दो सेनाओं के बीच समझ, सहयोग और पारस्पारिकता को बढ़ाना है।
- इसके अलावा संयुक्त राष्ट्र जनादेश (United Nations Mandate) के तहत अर्ध-रेगिस्तानी क्षेत्रों में काउंटर टेरिरिज़्म ऑपरेशन (Counter Terrorism operations) पर ध्यान केंद्रित करना है।

## भारत और फ्राँस के बीच अन्य सैन्य अभ्यास

वरुण - नौसेना अभ्यास

गरुड़ - वायुसेना अभ्यास

शक्ति - थलसेना अभ्यास

---

## ऑपरेशन कायला म्यूलर

# Operation Kayla Mueller

हाल ही में इस्लामिक स्टेट के नेता अबू बक्र अल-बगदादी को मारने हेतु चलाये गए स्टील्थ ऑपरेशन का नाम **कायला म्यूलर** के नाम पर रखा गया।




## कायला म्यूलर कौन थीं?

- कायला म्यूलर एक अमेरिकी मानवाधिकार कार्यकर्त्ता थी।
- उनका वर्ष 2013 में चरमपंथी समूह (ISIS) द्वारा अपहरण किया गया तथा 18 महीने तक कैद में रखने के बाद वर्ष 2015 में हत्या कर दी गई थी।

## अबू बक्र अल-बगदादी कौन था?


- अबू बक्र अल-बगदादी इस्लामिक स्टेट ऑफ इराक एंड सीरिया  (Islamic State of Iraq and Syria-ISIS) आतंकवादी संगठन का नेता था।
- इसने वर्ष 2012 में सीरिया में ज़भात अल-नुसरा आतंकी संगठन की स्थापना की जिसका वर्ष 2013 में नाम परिवर्तित करके ISIS कर दिया गया।
- इसे यूनाइटेड स्टेट्स डिपार्टमेंट ऑफ स्टेट (United States Department of State) द्वारा वैश्विक आतंकवादी नामित किया गया था।

---

## चक्रवात क्यार

# Cyclone Kyarr

हाल ही में उष्णकटिबंधीय चक्रवात क्यार (Kyarr) ने अरब सागर में 150 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से श्रेणी 4 के चक्रवात के रूप में दस्तक दी है।



## इसका नामकरण:

इसका नामकरण म्याँमार द्वारा किया गया है।

## चक्रवात क्यार के बारे में?

- भारत मौसम विज्ञान विभाग (India Meteorological Department- IMD) के अनुसार, पिछले 12 वर्षों में क्यार अरब सागर में आया सबसे तीव्रगामी चक्रवात है।
- यह उत्तर-पश्चिम में ओमान तट की ओर लगातार बढ़ रहा है।
- यह रिकॉर्ड स्तर पर अरब सागर में दूसरा सबसे तीव्र उष्णकटिबंधीय चक्रवात बन गया है।
- अरब सागर में वर्ष 2007 में आया 5 श्रेणी की तीव्रता वाला चक्रवात गोनू सबसे तीव्र (265 किमी. प्रति घंटे) उष्णकटिबंधीय चक्रवात था।